FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट दिनांक 27.06.2026 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त रामनरेश उर्फ जगमोहन को लोहे की रॉड (आलाकत्ल) सहित किया गया गिरफ्तार।

दिनांक 27.06.2026 को थाना शिकोहाबाद पर वादी राजबहादुर सिंह पुत्र बृजमोहन सिंह निवासी नगला चतुरी, थाना नगला खंगर, जनपद फिरोजाबाद द्वारा तहरीर दी गयी कि वादी की पुत्री की शादी लगभग 22 वर्ष पूर्व अभियुक्त रामनरेश उर्फ जगमोहन से हुई थी। अभियुक्त रामनरेश शराब पीने का आदी था तथा आये दिन अपनी पत्नी के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज करता था। दिनांक 26/27 जून 2026 की रात्रि में पारिवारिक विवाद के उपरान्त जब मृतका अपने बच्चों एवं सास के साथ अपने देवर के मकान की छत पर सो रही थी, तभी अभियुक्त पीछे की ओर से छत पर चढ़ आया और लोहे की रॉड से सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 486/2026 धारा 352/103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पर गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27.06.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर काशीराम कॉलोनी तिराहा, थाना शिकोहाबाद के पास से वांछित अभियुक्त रामनरेश उर्फ जगमोहन को समय करीब 14:30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त

1.रामनरेश उर्फ जगमोहन पुत्र वंगाली बाबू, निवासी ग्राम नानेमऊ थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद, हाल निवासी जैन भट्टा के पीछे प्रतापपुर रोड, कस्बा व थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण

मु0अ0सं0- 486/2026 धारा 352/103(1) बीएनएस, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
2.उ0नि0 राजीव गौतम थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
3.हे0का0 762 सुशील कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
4.का0 797 कौशलेन्द्र सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।